प्रादेशिक समाचार
14.05.2024 (दोपहर—1455 बजे)

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और कोडरमा संसदीय सीट की उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। इधर झामुमो की कल्पना सोरेन भी आज कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगी। वे गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क भी करेंगी।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रस्तावक पंडित गणेश्वर शास्त्री भी मौजूद रहे।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में झारखंड की तीन संसदीय सीट दुमका, राजमहल, और गोड्डा में मतदान होगा। झारखंड में कल तक इन तीन सीटों पर 36 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। 16 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग में चुनाव कार्य में लगे कर्मी मतदान कर सकें इसके लिए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के लिए केंद्र बनाए गए हैं। वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, रामगढ़ गीतांजली कुमारी ने रामगढ़ शहर के गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, रामगढ़ केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश अधिकारियों को दिए।

****

कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। इसी मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वाक्थौन और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झुमरी तिलैया शहर के महाराणा प्रताप चौक से शुरू हुई रैली झंडा चौक होते हुए कोडरमा स्टेशन के समीप पहुंचा, जहाँ सभी लोग इकट्ठा हुए और नैतिक मतदान की शपथ ली।

****

पलामू जिले में केटेगरी—2 के बालू घाटों के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

****

पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान चतरा जिले में हुए कम मतदान को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन चुनाव चेतना अभियान का आयोजन कर रहा है। जिला मुख्यालय के जवाहर स्टेडियम में कल चुनाव चेतना जागरूकता अभियान के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप के अनुसार कार्यक्रम में लोगों को मतदान से जुड़ी जानकारी और सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा।

****

चतरा पुलिस ने आज 13 मामलों के आरोपी रहे लालू साव को अफीम और हथियार साथ गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया कि कठौतिया गांव से अपराधी लालू साव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी पर हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, रंगदारी जैसे जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं।

******समाप्त************